लग्नेराहुश्चसौरिश्चरविचंद्रंतथैवतु तदासा
विधवानारीसर्वसौभाग्यवर्जिता १

टी०-जिसलग्नमें स्त्रीको प्रथमऋतु प्राप्त होयउस लग्नमें रा हू होयअथवा शनि,रवि,या चंद्रमा होय तो विधवाजानना. वह सौभाग्यवसे वर्जित होय.

रक्तफल.

प्रथमार्तौफलंस्त्रीणांमुच्यतेरजसाधुना
शुक्लभगापुत्रसंयुक्ताशुक्लवर्णतथार्त्तवे १
शशशोणितसंकाशेयद्यावैलक्तसन्निभे
पुत्रकन्याप्रसूतीस्यान्नीलेतुस्यामृतप्रजा २
कर्बुरेम्रियतेसाचपिंगलेचमृतप्रजा कृष्णे
चविधवानारीरजस्येवंविनिर्द्दिशेत् ३ वरा
मध्यश्चवास्यात्तुदुर्भगावहुशोणिता शोणि
तेबिंदुमात्रेतुस्त्रैरिणीचाल्पशोणिता ४ र-
क्तेरक्तेभवेत्पुत्रःकृष्णेचमृतपुत्रिका पिच्छि
लाचभवेद्वंध्याकाकवंध्याचपांडुरा ५ पी-
तेदुश्चारिणीप्रोक्तासुभगागुंजवर्णके सिं
दुराभेभवेत्कन्यारजःशोणितलक्षणम् ६

टी०-स्त्रीको प्रथम ऋतु प्राप्त होना है उस्मे रक्तका फल कह ते है. शुक्लवर्ण रुधिर होय तो पुत्रवती जानना. शशि कहिये खरगोस्तके ऐसे रुधिर होय तोभी पुत्रवती जानना. माहुर के ऐसा वर्ण होय तो कन्यावती जानना. नीलवर्ण होय तो मृत प्रजा. कर्बूर कहिये चित्रविचित्र वर्ण होय तो स्त्री मरे. पिंगट कहिये कुछ श्वेत कुछ पीतवर्ण होय तो मृतप्रजा जानना. कृ ष्णावर्ण होय तो विधवा जानना. मध्यरक्त होय तो श्रेष्ठ जानना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

बहुत रक्त होय तो दुर्भगा जानना, थोडा रक्त बिंदुमात्र होय तो अप्रजा जानना. लाल रक्त होय तो पुत्रवती जानना, कृष्ण हो य तो मृतप्रजा, पिछिल कहिये पंख के वर्णऐसा होय तो वंध्या जानना, गुलाबी वर्ण होय तो काकवंध्या जानना. पीत वर्ण होय तो वेश्या जानना, घुंगचीके ऐसा वर्ण होय तो शुभ जानना, सिंदूरके ऐसा वर्ण होय तो कन्याप्रसूति जानना. इस तरहसे रक्त मालूम करके शुभाशुभ फल कहना.

कालफल.

पूर्वाण्हेसुभगाप्रोक्तामध्यान्हेचैवनिर्धन
अपराण्हेशुभाचैवसायान्हेसर्वभोगिनी १
संध्ययोरुभयोर्वेश्यानिशीथेविधवाभवेत्
पूर्वरात्रेतथावंध्यादुर्भगासर्वसंधिषु २

टी०-दिनके पूर्वभागमें ऋतु प्राप्त होय तो सुभगा जानना. मध्यान्हमें होय तो धनहीन जानना अपराण्हमें होय तो अशुभ. सायान्हमें होय तो सर्वसुखयुक्त जानना. दोनोंसंध्यामें होय तो वेश्या जानना. अर्धरात्रीमें होय तो विधवा जानना. पूर्वरात्रीमें होय तो वंध्या जानना. और संधीमें होय तो अशुभकारी है ऐसा जानना.

वस्त्रफलम्.

सुभगाश्वेतवस्त्राचरोगिणीरक्तवस्त्रका
नीलांबरधरानारीविधवापुष्पवंतिका १
भोगिनीपीतवस्त्राचमिश्रवस्त्रावरप्रिया
सूक्ष्मास्यात्सूक्ष्मवस्त्राचदृढवस्त्रापतिव्रता २ दुर्भगाजीर्णवस्त्राचसुभगामध्य
वाससा धूतवस्त्राशुभानारीमलिनीम
लिनाभवेत् ३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

टी०-स्त्रीको प्रथम ऋतु सफेद वस्त्रपर होयतो सुभगा जानना, लाल वस्त्र होयतो रोगयुक्त, नीलवस्त्र होयतो विधवा पीतवस्त्र होयतो सुखयुक्त, चित्रविचित्र होयतो पतिप्रिया मलिनवस्त्र होयतो कृशांगी, मजबूत वस्त्र होयतो पतिव्रता पुरानावस्त्र होयतो अशुभ, मध्यवस्त्र होयतो सुभगा, धोवावस्त्र होयतो सुभगा, मैला वस्त्र होयतो मलिनता जानना.

रजस्वलाधर्म.

आर्तवाभिष्टुतानारीनैकवेश्मनिसंश्रयेत् नचान्यजातिसंस्पर्शंकुर्यात्स्पर्शनचक्वचित् १ त्रिरात्रंस्वसुखंनैवदर्शयेद्यस्यकस्यचित् स्ववाक्यंश्रावयेन्नैवनकुर्याद्दंतधावनम् २ नकुर्यादार्त्तवनारीग्रहाणामीक्षणंतथा अंजनाभ्यंजनंस्नानंप्रवासंवर्जयेत्तथा ३ नखादिकृंतनंरज्जूतालपात्रादिबंधनम् नवेशरावेभुंजीततायंचांजलिनापिबेत् ४

टी०- ऋतुमतीस्त्रीने एक घरमें रहना, अन्यजातीसेस्पर्शन करना, अपने जातीमेंभी स्पर्श न करना, तीन रात्र अपना सुख न किसीको दिखावना, न अपनी बाएगी किसीको सुनावना, दंतधावन नहीं करना, नक्षत्रोंका अवलोकन न करना, काजल न देना, तेल न लगावना, स्नान न करना, रस्तानहींचलना, नख नहीं निकालना डोरीको स्पर्श न करना, तालपत्रका बंधन न करना, नवीन मृतिकापात्रमें भोजन करना, और जल अंजुलीसें पीना.

रजस्वलास्नान.

हस्तानिलाश्विमृगमैत्रवसुध्रुवाख्यैः शक्रान्वितैःशुभतियोशुभवासरेच स्नाना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दथार्तववतीमृगपौष्णवायुहस्ताश्विधातृ
भिरलंलभतेचगर्भम् १

टी०-ऋतुमती स्त्रीका स्नान उक्त नक्षत्रमें करावना. कोष्टक में स्पष्ट है और मृग, रेवती, स्वाती, हस्त, अश्विनी इस नक्षत्रों में स्नान करवानेसे जलदी गर्भ रहता है.

चतुर्थेहनिसास्पृश्यारजोदर्शनतः स्त्रियः
पंचमेहनिशुद्धासादैवकर्मणिपैतृके १

टी०-स्त्री ऋतुप्राप्तीके बाद ४ दिन अस्पर्श है. पुरुषने स्पर्श करना नहीं.

कोष्टकम्.

हस्त.	स्वाती	अश्विनी	मृग	अनुरा.	धनिष्ठा	नक्षत्र
उ. फा.	उ. षा.	उ. भा.	० ०	ज्येष्ठा	० ०	०
१ ८	२ १०	३ ११	५ १२	६ १३	७ १५	तिथयः
चं.	बु.	गु.	शु.	०	०	वार.

अन्यमतेतु.

प्रथमेहनिचांडालीद्वितीयेब्रम्हघातिनी
तृतीयेरजकीप्रोक्ताचतुर्थेहनिशुद्ध्यति १

टी०-स्त्रीऋतुप्राप्तीसे प्रथमदिन चांडाली रहती है. दूसरे दिन ब्रम्हघातिनी. तीसरे दीन धोबीनी और चौथे दिन शुद्ध जानना.

अन्यमतं.

भर्तुःस्पृश्याचतुर्थेन्हिस्नानेनस्त्रीरजस्वला
पंचमेहनियोग्यासादैवपित्र्येचकर्मणि १

टी०-स्त्री चतुर्थ दिनमें पतिसंग करनेमें योग्य है परंतु दैव और पितृ इनके काम की नहीं.

अन्यमतं.

वर्षद्वादशकादूर्ध्वंयदिपुष्पंबहिर्नहि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तः पुष्पं भवेत्येव पनसोदुंबरादिवत् १

टी०- १२ वर्षके नंतर स्त्रीको ऋतुप्राप्ति न हो तथापि पुरुष ने संग करना. वंशके वास्ते गुल्लर और कटहरके ऐसा जानना.

अथ गर्भाधानप्रकरणं.

श्लोक.

ऋतौ प्रथमे कार्यं पुन्नक्षत्रे शुभे दिने मघा मूलांत्यपक्षांतत्यक्त्वा चंद्रबले सती १

टी०- प्रथम ऋतूमें स्त्रीका गर्भाधान पुरुष नक्षत्रमें करना. शुभ दिनमें मूल, मघा, रेवती पक्षका अंत इसका त्याग करके और चंद्रबल देखके करना.

गर्भाधानेत्याज्यमाह.

गंडांतं त्रिविधं त्यजेन्निधनजन्मर्क्षे च मूलांत कंदास्त्रं पौष्णमथोपरागदिवसं पातं तथा वैधृतिं पित्रोः श्राद्धदिनं दिवा च परिघाद्यर्धं स्वपत्नीगमे भान्युत्पातहतानि मृत्युभवनं जन्मर्क्षतः पापभं १ भद्रा षष्ठी पर्वरिक्ता च संध्या भौमार्कार्कीनाद्यरात्रश्च तस्त्रः २

टी०- गर्भाधानमें जो वर्ज्य है सो आगले चक्रमें स्पष्ट देखोंगे.

गर्भाधानेत्याज्यचक्रम्.

गंडांत.	बुधतारा	जन्मतारा	मूल	भरणी.	अश्विनी.
रेवती	ग्रहणदिन	व्यतीपात	वैधृति	श्राद्धदिन	दिवस.
परिघार्ध	उत्पातनक्ष.	पापयुक्तल	भद्रा.	ज.ल.दष्ट	षष्ठी.
चतुर्दशी	अष्टमी	अमावा.	पौर्णिमा	संक्रांति	रिक्ता.
संध्या	भौम	रवि	शनि	प्रथमदिन	द्वितीयदिन.
तृतीयदिन	चतुर्थदिन	००	००	००	००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्यदपि.

ऋतुस्नानांतुयोभार्यांसन्निधौनोपगच्छति
घोरायांभ्रूणहत्यायांयुज्यतेनात्रसंशयः १

टी०-ऋतुस्नान कियेबाद स्त्रीकेपास शयन नकरनेसे भ्रूण-हत्याकापाप उनकेपतिको लगता है.

अन्यमतः

व्याधितोबंधनस्थोवाप्रवासेष्वपिपर्वसु
ऋतुकालेपिनारीणांभ्रूणहत्याप्रमुच्यते १

टी०-रोगी होय अथवा प्रवासमें होय अथवा कैद होय तोभी स्त्रीसंग नकरनेसे भ्रूणहत्याकहा है.

ऋतुप्राप्तीसे १६रात्रीमेंशुभाशुभ.

ऋतुस्वाभाविकस्त्रीणांरात्रयःषोडशःस्मृताः तासामाद्याश्चतस्रस्तुनिंदितैकादशीचया १ त्रयोदशीचशेषास्युःप्रशस्ता-दशवासराः तस्मान्त्रिरात्रंचांडालीपुष्पि-तांपरिवर्जयेत् २

टी०-ऋतु प्राप्त होय तबसे स्त्रीको सोलह दिन ऋतुरहता है. तीसमें प्रथम ४ रात्री और ११वी और १३वी येनिंदित है इस-वास्ते इस दिनका त्याग करना, और बाकी १० रात्रि शुभ जानना.

गर्भाधानकेशुभाशुभदिन.

रात्रौचतुर्थ्यांपुत्रस्याद्वत्न्यायुर्धनवर्जितः पं
चम्यांपुत्रिणीनारीषष्ठ्यांपुत्रस्तुमध्यमः १
सप्तम्यांमप्रजायोपिदशम्यामीश्वरःपुमान्
नवम्यांशुभगानारीदशम्यांप्रषरःसुतः २
एकादश्यामधर्म्यास्त्रीद्वादश्यांपुरुषोत्तमः
त्रयोदश्यांसुतापापावर्णसंकरकारिणी ३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

धर्मज्ञश्चकृतज्ञश्चब्रह्मात्मदेवद्दढव्रतः ४ प्र-
जायतेचतुर्दश्यांपंचदश्यांपतिव्रता ब्राह्म
यःसर्वभूतानांषोडश्यांजायतेपुमान् ५

टी०- ऋतुप्रासीसे १६ दिनतक गर्भाधानको शुभाशुभ दिनचक्र नीचे लिखा है.

दि.	फल.	दि.	फल.	दि.	फल.	दि.	फल.
१	वर्ज्य.	५	कन्या.	९	सौभाग्यवृद्धि	१३	पापकर्मीक.
२	वर्ज्य.	६	पुत्रमध्यम.	१०	गुणवानपुत्र.	१४	धर्मज्ञपुत्र.
३	वर्ज्य.	७	पुत्रहीना.	११	अधर्मीपुत्र.	१५	पतिव्रता.
४	पुत्रअ०नि०	८	पुत्रईश्वरभक्त	१२	उत्तमपुत्र.	१६	उत्तमपुत्र.

गर्भाधानतिथिवारमाह.

षष्ठ्यष्टमीपंचदशीचतुर्थीचतुर्दशीमप्युभयत्र-
हित्वा शेषाःशुभाःस्फुस्तिथयोनिषेकेवाराः
शशांकार्यसितेंदुजाश्च १

टी०-षष्ठी, अष्टमी, पौर्णिमा, चतुर्थी, चतुर्दशी, अमावास्या. यह तिथी वर्ज्य करके शेष तिथी शुभ जानना. सोम, बृहस्पति, शुक्र बुध, ये वार गर्भाधानको शुभ जानना.

गर्भाधानेनक्षत्राण्याह.

हरिहस्तानुराधाश्चस्वातीवारुणवासवं
उत्तरात्रितयंसौम्यंरोहिण्यश्चशुभास्मृताः१

टी०-श्रवण, हस्त, अनुराधा, स्वाती, शततारका, ज्येष्ठा, उत्तरा फाल्गुनी, उत्तराषाढा, उत्तरा भाद्रपदा, मृग, रोहिणी ये नक्षत्रमें गर्भाधान संस्कार करना शुभ कहा है.

गर्भाधानेलग्नशुद्धिमाह.

केंद्रत्रिकोणेषुशुभैश्चपापैरन्यायारिगैः पुं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहदृष्टलग्ने ओजांशकेऽजेपिचयुग्मरात्रौ
चित्रादितिज्याश्विषुमध्यमंस्यात् १

टी०-प्रथम.चतुर्थ.सप्तम.दशम ये केंद्र इसमें शुभग्रह होय.त्रिकोण, नवम, पंचम, इसमें शुभग्रह होय. तृतीय, एकादश, षष्ठ. इसमें पापग्रह होय. लग्न को पुरुषग्रह देखते होय. विषम नवमांशके चंद्रमा होय इसमे गर्भाधान शुभ जानना. और समरात्री, चित्रा, पुनर्वसु, पुष्य, अश्विनी, यह मध्यम जानना.

गर्भिण्यांपुंसवनसंस्कारमाह.

मूलादित्रितयेकरश्रवणकेभाद्रद्वयार्द्रात्रयेरेवत्यांमृगपंचकेदिनकरेभौमेनरिक्कातिथौ;
नेत्रेमास्यथवाग्निमासिधनुषिस्त्रीमीनयोश्चस्थिरेलग्नेपुंसवनंतथैवशुभदंसीमांतकर्माप्यमे १

टी०-मूल, पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा, हस्त, श्रवण, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तराभाद्रपदा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, रेवती, अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी.मृग और दूसरे महिनेमे यातीसरे महिनेमें शुभ.धनलग्नमें कन्या, मीन ये स्थिरलग्नमें करना शुभ होता है.सीमंत आठवे महिनेमें इसी मुहूर्तमें करना.

वारफल ॥ मृत्यश्चसौरेस्तनुहानिरिंदोःप्रजामृतिःपुंसवनेबुधस्य काकोहवंध्याभवतीहशुक्रेस्त्रीपुत्रलाभोरविभौमजीवैः १

टी०- शनिवारको पुंसवन करे तो मृत्यु जानना, सोमवारकाकरे तो शरीरनाश, बुधको करे तो पुत्रनाश, शुक्रको करे तो काकवंध्या और रवि, मंगल, बृहस्पतीको पुंसवन करे तो पुत्रकन्याप्राप्ति.

सीमंतोन्नयनमाह.

पुरुषग्रहवारास्थःशुभःसीमंतकर्मणि,
मध्यौस्त्रीग्रहवारौतुवर्जयेत्तुनपुंसकौ १

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

टी०-पुरुषग्रहकेवारमें सीमांतकर्मकरना शुभहोताहै. स्त्रीग्रहकेवारमें मध्यम भोर नपुंसकग्रहकेवारमें अतिनिकृष्ट जानना.

अन्यमते.

चतुर्थषष्ठाष्टमसंभाजीसौरेणगर्भेप्रथमं विधेयं सीमंतकर्मद्विजभामिनीनामासेष्टमे विष्णुबलींचकुर्यात् १

टी०-प्रथम गर्भधारणसे चतुर्थ, षष्ठ, अष्टम मासमें सौरमाससे गिनके सीमंतकर्म करना. ब्राम्हणकेस्त्रीको अष्टम मासमें विष्णुबलि करना शुभप्रद होता है.

अन्यमते.

रोहिण्यैंदवमादित्यपुष्यहस्तौत्तरात्रयं पौष्णंवैष्णवभंचैवसीमंतेसौम्यवासरे १

टी०-रोहिणी, मृग, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, तीनोउत्तरा, रेवती, श्रवण इन नक्षत्रोंमें सीमंतकर्म शुभ होता है पर शुभग्रहकेवारमें करना.

अन्यदपि.

पक्षच्छिद्रांचरिक्तांचविनापंचदशींशुभाः च तुर्दशीचतुर्थीचकदाचित्तुशुभप्रदाः १ शुभ संस्थेविशानाथेचतुर्थीचचतुर्दशीं पौर्णिमा सीमंशंसंतिकेचित्सीमंतकर्मणि २ ६७

टी०-सीमंतकर्ममें पक्षमें जो छिद्रातिथि उसका त्याग करना. रिक्तातिथित्याग करना. कोई आचार्य कहते है की, शुभराशीकेचंद्रमामे और चतुर्थी. चतुर्दशी और पौर्णिमा ये सीमंतकर्ममें प्रशंसा करतेहै.

पक्षच्छिद्रातिथी.

चतुर्दशीचतुर्थीचाष्टमीनवमीतथा षष्ठी चैवादशीचैवपक्षच्छिद्राव्हयाःस्मृताः १ क्रमादेतास्तिथिषुवर्जनीयाश्चनाडिकाः भूता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ष्टामनुतत्वाकदशशेषास्तुशोभनाः २

टी०-चतुर्दशी, चतुर्थी, अष्टमी, नवमी, षष्ठी, द्वादशी इसको पक्षछिद्रातिथी कहते है. क्रमसे इनकी घटित्याग करना. चतुर्दशी १४, चतुर्थी ८, अष्टमी १४, नवमी २४, षष्ठी ६. द्वादशीकी १० घडि पहिली त्याग करना.

मासेश्वर ज्ञानमाह.

मासेश्वराः सितकुजज्यरविंदुसौरंचंद्रात्म
जास्तनुपचंद्रदिवाकरास्यकः १

टी०-गर्भधारणसे दस मासके दस स्वामी क्रमसें नीचे लिखे हुवे कोष्टकपरसे मालूम होगा.

१	२	३	४	५
शुक्र.	मंगल.	गुरु	रवि.	चंद्र.
६	७	८	९	१०
शनि.	बुध.	गर्भाधानलग्ने.	चंद्र.	सूर्य.

अन्यमते.

मासेष्टमेहिगर्भस्यकुर्याद्विषणोर्बलिक्रियां
श्रवणेचैवरोहिण्यांपुष्येचैवप्रशस्यते १ द्वि
तीयासप्तमीचैवद्वादशीचशुभातिथिः शु
भग्रहोदयाःशस्तास्तुषांचदिवसाअपि २

टी०-स्त्रीको अष्टममासमें गर्भसंस्कार विष्णु बली करना. श्रवण, रोहिणी, पुष्य, द्वितीया, सप्तमी, द्वादशी ये शुभ है और शुभग्रहके लग्नमें व शुभग्रहके वारमें करना शुभ होता है.

गर्भिण्यांनिषेधमाह.

भूम्यांचवोच्चनीचायामारोहमवरोहणे न.
दीप्तरणंचैवशकटारोहणंतथा १ उग्रौषधं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तथाक्षारंमैथुनंभारवाहनं कृतेपुंसवनेचै
वगर्भिणीपरिवर्जयेत् २

टी०-पुंसवनके नंतर स्त्रीने उंची जमीनपर चढना नहीं. नीची जमीनपर उतरना नहीं. पेडपर चढना नहीं. भरे नदीमें जाना नहीं. गाडीपर चढना नहीं. कोई तेज औषधी खाना नहीं. पुरुषसंग करना नहीं. कोई भारी बोजा उठावना नहीं. गर्भवती स्त्रीको ये सबभना करना हितकारी होता है.

गर्भिणीस्त्रीकोपुत्रवाकन्याहोनेका प्रश्न.

तिथिवारभयुग्योगास्त्रि ३ घ्नोद्रि ७ हृतशेषके
सूर्यारिज्येस्फुटश्चंद्रज्ञाऽच्छेकन्याशनौस्त्रवः १

टी०-गर्भिणी को पुत्र या कन्या होनेका प्रश्न करे तो तिथी वार नक्षत्र इनका योग करना. ३ गुण देना ७ से भाग लेना. जब १।३।५ शेष रहे तो पुत्र; २।४।६ शेष रहे तो कन्या; ० शेष रहे तो गर्भ रहेगा नहीं ऐसा जानना.

इतिगर्भाधानप्रकरणम्.

प्रसूतिस्थानेगमनं.

रोहिण्यैंदवपौष्णेषुस्वातीवारुणयोरपि;
पुनर्वसौपुष्यहस्तधनिष्ठात्र्युत्तरास्रुच १ मै
त्रत्वाष्ट्रेतथाश्विन्यांसूतिकागृहवेशनं प्रसू
तिसंभवेकालेसद्यएवप्रवेशयेत् २ छ

टी०-रोहिणी, मृग, रेवती, स्वाती, शततारका, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, धनिष्ठा, तीनो उत्तरा, अनुराधा, चित्रा, अश्विनी इन नक्षत्रोंमें प्रसूतिस्थानमें प्रवेश करना उक्त है. परंतु जो प्रसूतकाल प्राप्त होवे तो उसी वक्तमें सूतिकागृहप्रवेश करने को नक्षत्रका विचार बिलकुल करना नहीं.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गर्भकेलक्षण.

कललं १ चघनं २ शारवा ३ स्थि ४ त्व ५ ग्रोमो
द्गमः ६ स्मृतिः भुक्तिरुद्वेग ९ संसूतीर्मासे
ष्वाधानतः क्रमात् १ ७ ७

टी०-गर्भाधानसे १० मासतक गर्भका रूप कहते हैं. प्रथम १ मासमें कलल कहिये रुधिर शुक्र इसके संयोगसे पिंड होता है. २ रे मासमें घन कहिये वह पिंड मजबूत होता है. ३ रे मासमें वह पिंडमें शारवा कहिये हस्त और पाद उत्पन्न होता है. ४ थे मासमें उस्मे अस्थी याने हाड होते है. ५ वे मांसमे उपर त्वचा कहिये चमडी होती है. ६ वे मासमें रोम कहिये केश होते है. ७ वे मासमें स्मृति याने ज्ञान होता है. ८ वे मासमें भुक्ति कहिये क्षुधाका ज्ञान होता है. ९ वे मासमें उद्वेग याने गर्भसे बाहर निकलनेकी इच्छा करते है और १० वे मासमें प्रसव जानना.

दंतफलम्.

दंतैर्युतश्चेत्प्रथमेर्भकः स्यास्त्वयंविनश्येद
नुजेद्वितीये हन्यात्तृतीयेभगिनींचतुर्थेस्व
मातरंबाणमितेऽग्रजातं १ ७ ७

टी०-बालक दंतसहित उत्पन्न होय तो बालकका नाश जानना. २ रे मासमें छोटे भाईको अशुभ. ३ मासमे बहनको अशुभ. ४ मासमें माताको दुःख होय. ५ मासमें बडे भाईको दुःख जानना. आगे षष्ठ मासमें शुभ जानना.

प्रसूतिकामाह.

अज १ ऋष १२ द्वि २ मितावृषकुंभयोः श्रुति
मिताहयकर्कटेशराः ५ मकरयुग्मतुलाधर
कन्यकास्त्वलिहरौत्रिमिता द्ध्रुवप्रसूतिकाः १

टी०-मेष. मीन इस लग्नमे प्रसूति होय तो पास २ स्त्री कहना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वृष. कुंभ होय तो ४ स्त्री कहना. धन, कर्क होय तो ५ स्त्री कहना. मकर, मिथुन, तुला, कन्या, वृश्चिक, सिंह होय तो ३ स्त्री कहना. इस प्रकारसे लग्नपरीक्षा करना.

जन्मकालफल.

अश्विनीमघमूलानांपूर्वार्द्धेबाध्यतेपिता पू
षादिशक्रपश्चार्द्धेजननीबाध्यतेशिशाः १

टी०- अश्विनी, मघा, मूल इन नक्षत्रके पूर्वार्द्धमें जन्म होय तो पिताको अशुभ जानना. रेवती, ज्येष्ठा इन नक्षत्रोंके उत्तरार्द्धमें होय तो माताको अशुभ जानना.

गंडांतफलं.

सर्वेषांगंडजातानांपरित्यागोविधीयते
वर्जयेद्दर्शनंशावत्तच्चषाण्मासिकंभवेत् १

टी०- गंडांतमें जो जन्म होय तो बालकका परित्याग करना अथवा ६ महिना उसका मुंह देखना नहीं.

तिथिगंडांतमाह.

पूर्णानंदारव्ययास्तिस्रःसंधिर्नाडिद्वयंतथा
गंडांतमृत्यदंजन्मयात्राद्वाहव्रतादिषु १

टी०- पौर्णिमाकी अंत्य घडी और प्रतिपदाकी आद्य घडी ऐसी दो घडी संधि इसी रीतीसे ५।६।१० और एकादशी २ घडी संधी जानना. इस्में जन्म, यात्रा, मौंजी, विवाह, इत्यादिक मृत्यु सुख होते है सो अशुभ जानना.

लग्नगंडांत.

कुलीरसिंहयोःकीटचापयोमीनमेषयोः
गंडांतमन्तरालस्याद्घटिकार्धंमृतिप्रदम् १

टी०- कर्ककी अंत्यकी आधी घडी और सिंहकी पहली आधी घडी संधी इसी क्रमसे वृश्चिक और धन-मीन और मेष ऐ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

सी एक घडी मृत्यु भद जानना. शुभकर्ममें वर्ज्य करना.

नक्षत्रगंडांत.

पौष्णयाश्विन्योःसार्पपित्र्यर्क्षयोश्चयज्ये
ष्ठामूलयोरंतरालं ॥ तद्गंडांतस्याच्चतुर्नाडि
कंहियात्राजन्मोद्वाहकालेप्यनिष्ट १

टी०-रेवतीकी अंत दो घडी और अश्विनीकी आदि दो घडी इसकी संधी होती है. इस क्रमसे आश्लेषा, मघा, ज्येष्ठा, मूल, ये नक्षत्रगंडांत होता है. इसमें यात्रा, जन्म, विवाह, ये कर्म अशुभ है.

कृष्णचतुर्दशी फलमाह.

कृष्णपक्षेचतुर्दश्यांप्रसूतेषड्विधंफलं चतुर्द
शीचषड्भागांकुर्यादादौशुभास्मृतम् १
द्वितीयेपितरंहंतितृतीयेमातरंतथा चतुर्थे-
मातुलंहंतिपंचमेवंशनाशनम् षष्ठेचधनहा
निस्यादात्मनोवंशनाशनं १

टी०-कृष्णपक्षके चतुर्दशीको जन्म होय तो चतुर्दशीके ६ भाग करके शुभाशुभ देखना. प्रथम भागमें शुभ. द्वितीय भागमें पिताको दुःख जानना. तृतीय भागमें माताको दुःख जानना. चतुर्थ भागमें मामाको दुःख जानना. पंचम भागमें वंशनाश जानना. षष्ठ भागमें धन और वंशकाभी नाशजानना.

अमावास्याफल.

सीनीवाल्यांप्रसूताश्चदासीभार्यापशुस्त-
था गजाश्वमहिषीचैवशक्रस्यापिश्रियंहरे
त् १ कुहूप्रसूतिरित्यर्थसर्वदोषकरीस्मृताः
यस्यप्रसूतिरेतेषांतस्यायुर्धननाशनं सर्वग-
डसमस्तन्नदोषस्तुप्रबलोभवेत् २

टी०चतुर्दशीयुक्त अमावास्यामें दासी, भार्या, गौ, हाथी, घो-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

डी और भेंस ये प्रसूत होय तो मालिकको निर्धन करते है. अमा वास्यामें जन्म होय तो बहुत दोष जानना. धन, आयुष्य इसका नाश और गंडांतके ऐसा फल जानना.

दिनक्षयफल.

दिनक्षयेव्यतीपातेव्याघातेविष्टिवैधृतौ शू
लेगंडेतिगंडेचपरिघेयमघंटके १ कालदंडेमृ
त्युयोगेदग्धयोगेस्कदारुणे तस्मिन्गंडदि
नेप्रासेप्रसूतिर्यदिजायते २ अतिदोषकरी
प्रोक्तातत्रपापयुतासती ३

टी०-क्षयदिन, व्यतीपात, व्याघात, भद्रा, वैधृति, शूल, गंड, अतिगंड, परीघयोगका अर्द्ध, यमघंट, कालदंड, मृत्युयोग, दग्धयोग और दारुणयोग ऐसे योगमें जन्म होय तो बहुत अशुभ.

ज्येष्ठानक्षत्रफल.

ज्येष्ठादौजननीमाताद्वितीयेजननीपिता तृ
तीयेजननीभ्रातास्वयंमाताचतुर्थके १ आ
त्मानंपंचमेहंतिषष्ठेगोत्रक्षयोभवेत् सप्तमे
चोभयकुलंज्येष्ठभ्रातरमष्टमे २ नवमेश्वश्रू
रंहंतिसर्वंहंतिदशांशकः ३

टी०-ज्येष्ठानक्षत्रमें प्रसूति होय तो ६ घडीका एकभाग ऐसे १० भाग करना. उसका फल प्रथम भागमें होय तो माता पिताको अशुभ. २रे भागमें होय तोभी माता पिताको अशुभ. ३रेमें होय तो मामाको अशुभ. ४थेमें होय तो माताको अशुभ. ५वेमें होय तो बालकको अशुभ. ६वेमें होय तो गोत्रको अशुभ. ७वेमें होय तो दोनों कुलको अशुभ. ८वेमें होय तो ज्येष्ठ भ्राताको अशुभ. ९वेमें होय ससूरको अशुभ. और १०वे भागमें होय तो सर्वस्वका नाश होय ऐसा जानना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मूलफल.

मूलस्तंभंत्वक्शारवापत्रंपुष्पंफलंशिरवा, वेदाश्वमुनयश्चैवदिशश्चवसवस्तथा १ नंदाबाणरसारुद्रामूलभेदाःप्रकीर्तिताः मूल मूलविनाशायस्तंभेहानिर्धनक्षयः २ त्वचि द्भ्रातृविनाशायशारवामातुर्विनाशकृत् प त्रैसपरिवारःस्यात्पुष्पेषुनृपवल्लभ ३ फलेषु लभतेराज्यंशिरवायामल्पजीवितम् ४

टी०-मूलनक्षत्रको मूलवृक्ष ऐसानामरखके उस्में शुभाशुभ फलदेखना. मूलकाप्रमाण ६० घडी तिस्में प्रथम ४ घडी वृक्षका मूल, उस्मेंजन्म होयतोनाशजानना. नंतर ७ घडी मूलकास्तंभ, इस्में हानि और धनक्षय. नंतर १० घडी मूलकीत्वचा, उस्में जन्म होवे तो भ्रातृनाश. नंतर ८ घडि उस्कीशारवा, तिस्में माताकानाश जानना. नंतर ६ घडी वृक्षकापत्र तिसमें सपरिवारको अशुभ जानना. नंतर ५ घडि पुष्प, तिस्में जन्म होय तो राजाको प्रिय होय. नंतर ६ घडि फल, तिस्में जन्म होयतो राज्यलाभ. नंतर १२ घडि शारवा, तिस्में जन्म होयतो अल्पजीवि जानना.

मूलवास.

वृषादिसिंहेचघटेचमूलंदिवस्थितंयुग्मतुलां गनांत्ये पातालगंमेषधनुःकुलीरनक्रेषुमर्त्येष्वतिसंस्मरंति १

टी०-वृष. वृश्चिक. सिंह. कुंभ. इस राशीमें मूल स्वर्गमें रहताहै इस्में जन्म होयतो राज्यप्राप्ति जानना. मिथुन, कन्या, तूला, मीन इस राशीमें मूलकावास पातालमें. फल धनप्राप्ति जानना. मेष, धन, कर्क, मकर इस राशीमें मूल मर्त्यलोकमें रहता है. फलसब कुटुंबको अशुभ जानना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्लेषाकानगराकारचक्र.

मूर्धास्यनेत्रगलकांसयुगंचबाहुहृज्जानुगु
ह्यपदमित्यहिदेहभागः बाणाद्रिनेत्रहुतभुक्
श्रुतिनागरुद्रषण्नंदपंचशिरसः क्रमशस्तुना
ड्यः १ राज्यंपितृक्षयोमातृनाशः कामक्रियार
तिः पितृभक्तोबली ध्वस्त्यागीभोगीधनीक्रमात्

टी०-श्लेषामें जन्म होय तो पुरुषकल्पना करके ६० घडीमें अंगोंके फल देखना. प्रथम ५ घडी मस्तक जानना; फल राज्यप्राप्ति. नंतर ७ घडि मुख; फल पिताको अशुभ जानना. नंतर २ घडी नेत्र; फल माताको अशुभ. नंतर ३ घडी कंठ; फल कामी. नंतर ४ घडी स्कंध; फल पिताकी भक्ति. नंतर ८ घडी बाहू, फल बलवान्. नंतर ११ घडि हृदय; फल आत्मघाती. नंतर ६ घडी जंघा; फल त्यागी. नंतर २ घडी गुह्य; फल भोगी. नंतर ५ घडी पाय फल धनवान्.

द्वादशराशीनाम.

मेषोवृषोथमिथुनंकर्कटः सिंहकन्यके
तूलाथवृश्चिकोधन्वीमकरः कुंभमीनको १

टी०-१२ राशीके नाम मेषसे मीनतक क्रमसे जानना.

राशिस्वामी.

कुजःसितोबुधोविधुर्भगश्चशुक्रभूमिजाः
सूरेज्यमंदसूर्यजागुरुःक्रियाच्चभेश्वराः १

टी०-नीचे लिखेले कोष्टकमें द्वादशराशीके स्वामी स्पष्ट जानना.

१मेष.	२वृषभ.	३मिथुन	४ कर्क	५सिंह.	६कन्या.
मंगल.	शुक्र.	बुध.	चंद्र.	सूर्य.	बुध.
७तुला.	८वृश्चि.	९धनु.	१०मकर.	११कुंभ.	१२मीन.
शुक्र	मंगल.	गुरु	शनि.	शनि	गुरु.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहोंकेउच्चनीच.

रविर्मेषेतुलेनीचोवृषेचंद्रस्तुवृश्चिके भौ-
मश्चनक्रेकर्केचस्त्रियांसौम्योझषेतथा १
गुरुः कर्कंचनक्रेचमीनकन्येसितस्यच मंद
स्तुलायांमेषेचकन्यारहुर्गृहस्यच २ राहु
र्युग्मेतुचापेचतमोवत्केतुर्जफलं प्रोक्तंग्र-
हाणांसुच्चत्वंनीचत्वंचक्रमाद्बुधैः ३

टी०-सूर्य मेषका उच्च, तुलाका नीच, चंद्रमा वृषका उच्च, वृश्चिकका नीच. मंगल मकरका उच्च, कर्कका नीच. बुध कन्याका उच्च. मीनका नीच, बृहस्पति कर्कका उच्च, मकरका नीच, शक्र मीनका उच्च, कन्याका नीच, शनि तुलाका उच्च, मेषका नीच, राहु मिथुनका उच्च, धनका नीच, भ्रौर केतूका उच्चनीच राहूके ऐसाही जानना.

ग्रहोंकीक्रूरशुभसंज्ञा.

क्रूराःखेटा राहुमंदार्कभौमाःपापःसौम्यस्तै
र्युतः क्षीणइंदुः पूर्णश्चंद्रः सौम्यशुक्रौम
रेज्याः सौम्याः सर्वेचंद्रयुक्ताबलाढ्याः १

टी०- क्रूरग्रह राहु. शनि. सूर्य. मंगल. बुधभी इनके साथसे पापग्रह होता है. कृष्णपक्षका चंद्रमा यह पापग्रह जानना. शुभग्रह पूर्णचंद्रमा, बुध. शुक्र. बृहस्पति यह जानना.

ग्रहोंकीजातिसंज्ञा.

विप्राधीशोजीवशुक्रौकुजार्कौराजन्यानां
मोषधीशोविशांच शूद्राणांज्ञश्चांत्य-
जानांचमंदः सिंहीसूनुर्म्लेच्छवंशोद्भवानां १

टी०-बृहस्पति, शुक्र यः ब्राह्मण; सूर्य, मंगल यः क्षत्रिय; चंद्रमा वैश्य; बुध शूद्र; शनि चांडाल; राहु म्लेंच्छ इस प्रकारसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नवग्रहोंकी जाति है ऐसा जानना चाहिये.

ग्रहोंकीस्त्रीपुरुषसंज्ञा.

प्रोक्तानराःसूर्यकुजेमरज्याःक्लीबोशनिज्ञौ
युवतीसितेंदु सत्वंरविज्यःक्षणदाधिपास्युः
रजःसितारौज्ञयमौतमश्च १

टी०-सूर्य,मंगल, बृहस्पतियह पुरुषग्रह; शनि,बुधयहन
पुंसकग्रह; शुक्र,चंद्रमा यह स्त्रीग्रह; ग्रहोंके गुण. सूर्य,गु
चंद्रमा यह सत्वगुण; शुक्र,मंगल यह रजोगुण; ग्रौर बुधश
नि यह तमोगुण जानना.

ग्रहोंकारूप.

नृपौरथींदूकुलसैन्यनेताभौमःकुमारःशशि
जोनिरुक्तोः सचिवोगुरूशनारव्यो
सूर्यात्मजःसेवकसंज्ञकःस्यात् १

टी०-रवि ग्रौर चंद्रमा यह राजा जानना. मंगल सेनापति जा
नना. बुध कुमार जानना. बृहस्पति, शुक्र यह मंत्री जानना
ग्रौर शनि सेवक जानना.

ग्रहोंकावर्ण.

रक्तःसितोरक्ततरःसुनीलःपीतोतिशुक्लस्त्वसितोन्नवर्णः
सूर्यादधीशादहनोबुभूमीदामोदरःशक्रशचीविरंचीः १

टी०-सूर्यकालालवर्ण, चंद्रमाकाश्वेतवर्ण, मंगलका बहुत
लालवर्ण, बुधका नीलवर्ण, बृहस्पतीका पीतवर्ण, शुक्रका
सफेदवर्ण, शनीका कृष्णवर्ण, इस प्रकारसे ग्रहोंके वर्णका
ज्ञान करना. सूर्यकी देवता ग्रग्नि, चंद्रमाकी जल, मंगलकी
भूमि, बुधकी दामोदर, बृहस्पतीकी इंद्र, शुक्रकी इंद्राणी,
ग्रौर शनीकी देवता ब्रम्हा जानना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ग्रहोंकीदृष्टि.

पादैकदृष्टिर्दशमेतृतीयेद्विपाददृष्टिर्नवपंचमे
वा त्रिपाददृष्टिश्चतुरष्टकेवासंपूर्णदृष्टिःस
मसप्तकेच १ शनेस्त्वेकादशेपूर्णादृष्टिर्जीव्
स्यकोणके बुधैर्ज्ञयापूर्णदृष्टिर्भौमस्यचतुरष्टके २

टी०- ग्रहोंकी दृष्टि जाननेका प्रकार ऐसाहै के, कोई ग्रहजिस स्थानमेंहोय उस स्थानसे एकपाद दृष्टि देखताहै सो स्थान ३ १० इसी रीतसे ५।९ पादमें दोपाद दृष्टि, ४।८ स्थानमें ३ पाद दृष्टि, ७ स्थानमें पूर्ण दृष्टि जानना. परंतु शनि जिस स्थानमेंहोय उस स्थानसे ११।३ स्थानमें पूर्णदृष्टि देखताहै. बृहस्पति ९।५ स्थानमें पूर्णदृष्टि और मंगल ४।८ स्थानमें पूर्णदृष्टि देखताहै.

दिशांकेस्वामी.

प्राच्यादितःसूर्यसितारराहुमंदेंदुसौम्यांगि
रसोदीगीशाः वेदाधिनाथःक्रमशःसूरेज्य
पूर्वामरेज्यावनिजेंदुपुत्राः १

टी०- आठ दिशाके स्वामी पूर्वसे सूर्य, शुक्र, मंगल, राहु, शनि, चंद्र. बुध. बृहस्पति यह ८; और चारों वेदके स्वामी क्रमसे बृहस्पति, शुक्र, मंगल और बुध जानना.

द्वादशभावसंज्ञा.

मूर्तिर्धनाख्यःसहजःसखवश्वसकतारिपत्नीस्मृति
धर्मकर्माः सायव्ययावैतनुतोविचिंत्याभा
वान्भमिद्वादशहोरिकाद्यैः १

टी०- लग्नसे द्वादशस्थानकी संज्ञा- मूर्ति १, धन २, सहज ३, सखव ४, सकत ५, अरि ६, पत्नी ७, स्मृति ८, धर्म ९, कर्म १०, आय ११ और व्यय १२ ऐसे बारह स्थान जानना.

केंद्रादिद्वादशस्थानकीसंज्ञा.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथचकेंद्रचतुष्टयकंटकंतनुस्करवांबरसप्तमभंस्मृतं पणफरधनलाभस्कताष्टमंसहज शत्रुनवांत्यमपोक्लिमं १ दुश्चिक्यलाभां बरषष्ठगेहंप्रोक्तंतथैवोपचयंत्रिकंतु षडंत्य रंध्रंचनिजंनवांशंचवर्गोत्तमारव्यंविबुधावदंति २ नवमंपंचमंस्थानंत्रिकोणंपरिकीर्तितं ३

टी०-स्थानसंज्ञा जाननेकाप्रकार १।४।७।१० येचारोंस्थानके नामकेंद्रचतुष्टयकंटक जानना. २।५।८।११ इस स्थानका नाम पणफर जानना. ३।६।९।१२ यह स्थानका नाम आपोक्लिमजानना. उपचय संज्ञाकास्थान ३।११।१०।६ इस स्थानकी उपचय संज्ञा जानना. ६।१२।८ यह स्थानकी त्रिकसंज्ञा जानना. जो ग्रह अपने नवमांशमें होय उसको वर्गोत्तम जानना. और५।९ इसस्थानकी त्रिकोणसंज्ञा जानना.

सामान्यद्वादशराशीफल.

मेषेदैन्यमुपेतिगर्वितवृषोनानामतिर्मन्मथे शूरःकर्कटके धृतीचवनपेकन्याचमायान्विता सत्यंचैवतुलेत्वलौमलिनतापापान्वितंवैधनु र्मूरवोंयमकरे घटेचतुरतामीनीत्वधीरामतिः १

टी०-जन्मकालमें मेषलग्नहोय तो दीनकहना. वृषमें गर्वीमिथुनमें नानाप्रकारकी बुद्धि, कर्कमें बडा शूर, सिंहमें स्थिरबुद्धि, कन्यामें मायावान्, तुलामें सत्यवादी, वृश्चिकमें मलिन, धनमें पापबुद्धि, मकरमें मूरर्ख, कुंभमें चतुर, और मीनमें थोडा धीर याने धैर्य ऐसा द्वादशलग्नका फल जानना.

जन्मभूमिज्ञानमाह.

लग्नेंदुभ्यांद्वादशेस्तूर्यपुत्रेगुस्यांसूतिवीक्षिते पापरवैटैः लग्नेकर्केवृश्चिकेमंदयुक्तेगर्त्तायां

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्याच्चंद्रयुक्तेप्रसूतिः १ लग्नेसौम्येवेश्मगे सौम्यखेटैर्वालेयांशौस्वर्क्षगेपूर्णदेहे आप्ये लग्नेद्यूनगेवामृगांकेगभौनूनंसूयुतेनावसंस्थः २ लग्नेनीरेमंदयुतेदृष्टचंद्रार्कचंद्रजैः उखरेदेवतागारक्रीडागेहेक्रमात्सवः ३ पूलग्नस्थे भानुसूतेश्मशानेशौल्पिकेगृहे भूपालयेच गोष्ठचदेवागारेमखवालये ४ विक्षितेभौम सौम्येंदुशुक्रार्कगुरुभिक्रमात् प्रसवोयं समारब्धातःसत्यलघ्वादिसूरिभिः ५ यदैकराशिगौलग्नचंद्रौदृष्टिविवर्जितौ विजने प्रसवःप्रोक्तोमणित्थाद्यैश्चसूरिभिः ६

टी०-जन्मकालमे जन्मलग्नके चंद्रमासे १२ स्थानमें शनिहो य पापग्रहकी दृष्टिहोय तो प्रसवगृहस्थानमें कहना. कर्कलग्न होय उसीका चंद्रमा होय द्वयश्विकमें शनिहोय तो गडहामें प्रसूति कहना. लग्न शुभग्रहराशि होय ४ स्थानमें शुभग्रहहोय, चंद्रमा अपने राशीमें पूर्णहोय, जलराशीका लग्नहोय, चंद्रमा सप्तमस्थानमें होय तो नावमें प्रसूति कहना. जलराशी का लग्नहोय तो उखरभूमीमें जन्म कहना. जलराशी का लग्नहोय उसीमें शनि होय तो देवताके स्थानमें प्रसव कहना. जलराशी. का लग्नहोय, चंद्र, सूर्य, बुध, यह देखते होय तो क्रीडागेहमें प्रसूति कहना, पुरुषराशीका लग्नहोय उसीमें शनिहोय क्रमसे मंगल, बुध चंद्र, शुक्र, सूर्य, बृहस्पति यह ग्रहोंकी दृष्टि होय तो स्मशानमें प्रसूति कहना. चित्रकारके मकानमें कहना. राजाके गृहमें प्रसूति कहना, गोशालामें प्रसूति कहना, देवतास्थानमें प्रसूति कहना. यज्ञभूमीमें प्रसूति कहना, जन्मकालमें लग्न और चंद्रमाकी एकराशी होय कोई ग्रहकी दृष्टि न होय तो जनरहितस्थानमें प्रसूति कहना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

प्रसवज्ञानमाह.

शुक्रवग्रहैःस्वबंधुगैःशुक्रवेनसंयुतःसवः शु
तांकसप्तमस्थितैरसद्ग्रहस्तुकष्टतः १

टी०-प्रसूतिकालमेंजन्मलग्नसे २।४ स्थानमें शुभग्रह होय तो शुक्रवसे प्रसूति कहना. ५।९।७ स्थानमें पापग्रह होयतो कष्टसे प्रसूति कहना.

जन्मकालमें मृत्यकारक.

चंद्राष्टमंचधरणीसुतसप्तमंचराहुन्नवंचशनि
जन्मगुरुस्त्रितीयेअर्कस्तुपंचभृगुषष्ठबुधश्च
तुर्थेजातोनजीवतिनरःप्रवदंतिसंतः १

टी०-जन्मकालमें चंद्र अष्टमस्थानमें होय, मंगल ७स्थानमें, राहु नवमस्थानमें, शनिलग्न १स्थानमें, गुरु ३ स्थानमें. सूर्य ५स्थानमें, शुक्र ६ स्थानमें, बुध ४ स्थानमें ऐसे ग्रहयोगमें बालकका जन्म होय तो बचेगा नहीं ऐसा जानना.

अन्यमतः

चतुर्थेचयदाराहुःषष्ठेचंद्रोऽष्टमेपिवा सद्यएव
भवेन्मृत्यःशंकरोयदिरक्षति १

टी०-जन्मकालमें चतुर्थस्थानमें राहु होय, चंद्रमा ६ अथवा अष्ट होय तो बालक तत्काल मरेगा ऐसाजानना. शंकरउनका रक्षण करे तोभी वः बचेगा नहीं.

अन्यमते क्षीणचंद्रोव्ययस्थानेपापलग्नेस्म
रेष्टमे शुभैश्चरहितेकेंद्रेशीघ्रंनश्यतिबालकः १

टी०-जन्मकालमें क्षीणचंद्रमा १२ या पापग्रहके स्थानमें होय अथवा ७ या ८ होय, केंद्र शुभग्रहसे रहित होय तो तत्काल बालकका मृत्यु जानना.

अन्यमत दशमस्थोदिवानाथःपापैर्बहुनिरी-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

क्षितः मेषवृश्चिककर्कस्थोसद्योमृत्युप्रदोभवेत् १

टी०- जन्मकालमें सूर्य दशमस्थानमें मेष,वृश्चिक,कर्क इस राशी-में होय पापग्रह की दृष्टि होय तोभी तत्काल बालक मृत्यु पावेगा.

अन्यमत सप्तमेभवनेभौमचाष्टमेभार्गवोयदि
नवमेभवनेसूर्यः स्वल्पायुष्यः प्रजायते १

टी०- लग्नसे सप्तमस्थानमें मंगल, अष्टमस्थानमें शुक्र और नवमस्थानमें शुक्र होय तो थोडा आयुष्य जानना.

अन्यमत क्षीणचंद्रोयदालग्नेपापाश्चाष्टमकें
द्रगाः स्मरेलग्नपतिःपापैर्युक्तोनश्येत्तदाशिशुः १

टी०- क्षीणचंद्रमा लग्नमें होय, केंद्रमें पापग्रह होय, लग्नपति ७में पापग्रहसे युक्त होय, तोभी बालक तत्काल मृत्यु पावेगा.

अन्यमत लग्नेक्रूरश्चभवनेक्रूरःपातालगोयदा
दशमेभवनेक्रूरः कष्टजीवति बालकः १

टी०- क्रूरग्रहका लग्न होय और ४ स्थानमें क्रूरग्रह होय, १०स्था-नमें क्रूरग्रह नहोय तो बालकका जीवन बहुत कष्टसे जानना.

अन्यमत षष्ठेचद्वादशेराशौयदापापग्रहो
भवेत् तदामातुर्भयंविद्याच्चतुर्थदशमेपितुः १

टी०-पापग्रह ६।१२ स्थानमें होय तो माताको क्लेश जानना. और ४।१० स्थानमें होयतो पिताको क्लेश जानना.

अन्यमतः अर्कोमंदःकुजश्चंद्रप्रसूतात्पंचमेयदि आत्मनःपितरभ्रातृमातांचैवयथाक्रमात् १

टी०- जन्मकालसे पंचमस्थानमें सूर्य,चंद्र,मंगल, शनि होयतो क्रमसे बालक,पिता,भ्राता,माता इनको अशुभ जानना.

अन्यमत सप्तमेभवनेभानोःमध्यस्थोभूमिनंदनः राहुर्व्ययेतथैवापिपिताकष्टेनजीवति १

टी०सप्तमस्थानमें सूर्य होय, १० स्थानमें मंगल होय, १२ स्था-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

नमें राहु होय तो पिता बहुत कष्टसे बचे ऐसा जानना.

अन्यमत अष्टमस्थोयदाराहुः केंद्रेचनीचचंद्रमाः ससद्यश्चभवेन्मृत्कर्बालकस्यनसंशयः १

टी०- अष्टमस्थानमें राहु, केंद्रमें नीच चंद्रमा होय तो बालकका नाशजानना. अन्यमत.

द्वादशस्थोयदाचंद्रः पापाश्चाष्टमगेहगाः मासेनैकेनमृत्कस्यात्तस्यबालस्यनिश्चितं १

टी०- जन्मकालमें द्वादशस्थानमें चंद्र, ८ स्थानमें पापग्रह होय तो १ मासमें मृत्क जानना. अन्यमत.

षष्ठाष्टमेयदाचंद्रो बुधयुक्तश्चतिष्ठति विष दोषेनबालस्यतदामृत्कश्चजायते १

टी०- जन्मकालमें षष्ठ अथवा अष्टमस्थानमें चंद्रमा बुधयुक्त होय तो बालकको विषदोषसे मृत्क कहना.

अन्यमत अष्टमेचनिशानाथः केंद्रेक्रूरोयदाभवेत् चतुर्थेचयदाराहुर्वर्षमेकंनजीवति १

टी०- जन्मलग्नसे अष्टमस्थानमें चंद्रमा होय, केंद्र १।७।४।१० स्थानमें क्रूरग्रह होय. ४ स्थानमें राहु होय तो एक वर्षतक अरिष्ट जानना. अन्यमत.

जन्मस्थानेयदाभौमः शत्रुक्षेत्रेयदाभवेत् म्रियतेतस्यबालस्यपिताशीघ्रंनसंशयः १

टी०- जन्मलग्नसे दशमस्थान मंगलका शत्रुक्षेत्र होय, उसी स्थानमें मंगल होय तो पिताको अरिष्ट जानना.

अन्यमत लग्नेष्टमेयदाराहुश्चंद्रोपियदिदृश्यते दशाहेजायतेतस्यबालस्यमरणंध्रुवम् १

टी०- अष्टमस्थानमें राहु होय, और चंद्र उसको देखता होय तो बालकका मृत्क १० दिनमें जानना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अन्यमत वक्रीशनीभौमगृहेकेंद्रषष्ठाष्टमे-
पिवा कुजेनबलिनादृष्टोहंतिवर्षद्वयेशिशुः १

टी०- वक्रका शनि मंगलके क्षेत्रमें १।८ होय,केंद्रमें होय,ल
ग्नसे षष्ठ या अष्ट स्थानमें होय, बलवान मंगल देखे तो दो वर्ष-
तक बालकको अरिष्ट कहना.

अन्यमत शनिराहुकुजैर्युक्तःससप्तमेनवमे
शशी ससप्तमेदिवसेहतिमासेवाससप्तमेशिशुः १

टी०- शनि,राहु,मंगल ये तीनों ग्रहसे युक्तचंद्रमा सप्तम या
नवमस्थानमें होय तो सात दिनमें नहीं तो सातमासमें बाल-
ककोअरिष्ट जानना. अन्यमत.

दशमेभवनेराहुःपितृमातृप्रपीडनं द्वादशे
वत्सरेमृत्युकबालकस्यनसंशयः १

टी०- लग्नसे १० वेस्थानमें राहु होय तो मातापिताको दुःख
और १२ वर्षतक मृत्युतुल्य अरिष्ट जानना.

अन्यमत शनिक्षेत्रेयदाभानुर्भानुक्षेत्रेयदा
शनिः द्वादशेवत्सरेमृत्युस्तस्यजातस्यजायते १

टी०- जन्मकालमें शनिके क्षेत्रमें १०।११ सूर्य होय और सूर्य
के क्षेत्रमें ५ शनि होय तो द्वादशवर्षमें मृत्यु जानना.

अन्यमत जन्मलग्नेयदाभौमश्चाष्टमेचबृहस्प
तिः वर्षेचद्वादशेमृत्युर्यदिरक्षतिशंकरः १

टी०- जन्मलग्नमें मंगल होय और ८ स्थानमें बृहस्पति होय
तो १२ वर्ष मृत्यु जानना. शिवसंरक्षण करे तोभी मृत्युजानना.

वर्णशंकर ज्ञानमाह.

धनस्थानेयदासौरिःसैंहिकेयोधरात्मजः शु
क्रोगुरुःससप्तमेचत्वष्टमेरविचंद्रमाः १ ब्रह्म
पुत्रेपदेवापिवैश्यास्त्रीचसदारतिः मासेविंश

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तिमेवर्षेम्लेंच्छोभवतिनान्यथा २ ७

टी०- जन्मकालमें द्वितीयस्थानको शनि, राहु, मंगलहोय; ७ स्थानमें शुक्र, बृहस्पति होय; ८ में रवि. चंद्र ये होयतो ब्राम्हणका पुत्र होयतोभी वह पुरुष वैश्यागमन करे भोर २० वर्षकेउमरमें म्लेंच्छ होय. वर्णसंकर जानना.

जातक.

तनुस्थान लग्नस्थितोदिनकरःकुरुतेंगपी डापृथ्वीस्कतोवितनुतेरुधिरप्रकोपं छाया सुतःप्रकुरुतेबहुदुःखभाजंजीवेंदुभार्गवबुधाः सुरवकांतिदास्युः १ धनस्थान दुःखाक्रांधनविनाशकराःप्रदिष्टावित्तेस्थितारवि शनैश्चरभूमिपुत्राः चंद्रोबुधःसुरगुरुभृगुनंदनोवानानाविधंधनक्षयंकुरुतेधनस्थाः २ सहजस्थान भानुःकरोतिविरुजंरजनीकरोपिकीर्त्यायुतंक्षितिसुतःप्रचुरप्रकोपं ऋद्धिं बुधःसुधिषणंसुविनीतवेषंस्त्रीणांप्रियंगुरुकवीरविजस्तृतीये ३ सुहृत्स्थान भादित्यभौमशनयःसुरवर्जितांगंकुर्वंतिजन्मनिनृरुक्षिरंचतुर्थे सोमोबुधःसुरगुरुभृगुनंदनोवासोरव्यान्वितंचनृपकर्मरतंप्रधानं ४ सुतस्थान पुत्रेरविःप्रचुरकोपयुतंबुधश्चस्वल्पात्मजंशनिधरातनुजावपुत्रं शुक्रेंदुदेवगुरवःसुतधामसंस्थाःकुर्वंतिपुत्रबहुलंसुरविनंसुरूपं ५ रिपुस्थान मार्तंडभूमितनुजौहतशत्रुपक्षंपंगुनैरंरिपुगृहेष्वतिपूजनीयं काव्येदुजौमतिविहीनमनल्परोगेजीवःकरोति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

विकलंमरणंसशांकः ६ जायास्थान तिग्मां
शुभौमरविजाकलिसप्तमस्थाजायांकुकर्म
निरतांतनुसंततिंच जीवेंदुभार्गवबुधाबहुपुत्र
युक्तांरूपान्वितांजनमनोहरूपशीलं ७ मृ
त्युस्थान सर्वग्रहादिनकरभसुरवानितांमृ-
त्युस्थितावितनुतेकिलदुष्टबुद्धिम् शारी-
भिघातपरिपीडितगात्रयष्टिसौख्यैर्विहीन
मतिरागगणैरुपेतं ८ धनस्थान धर्मस्थिता
रविशनैश्चरभूमिपुत्राः कुर्वंतिधर्मरहितंविम
तींकुशीलं चंद्रोबुधोभृगुसुतः स्फरराजमंत्री
धर्मक्रियास्फनिरतंकुरुतेमनुष्ये ९ कर्मस्थान
आदित्यभौमशनयः किलकर्मसंस्थाः कुर्युर्नरं
बहुकुकर्मरतंकुपुत्रं चंद्रः सकीर्तिसुशनाबहु
वित्तयुक्तंरूपान्वितंबुधगुरूशुभकर्मभाजं १०
लाभस्थान लाभस्थितादिनकरोनृपलाभयुक्त
तारापतिर्बहुधनंक्षितिजःक्षितीशं सौम्यो
विवेकसुभगंचधनायुषीज्यःशुक्रः करोति-
सगुणंरविजःसुकीर्त्ति ११ व्ययस्थान सूर्यः
करोतिपुरुषंव्ययगोविशीलंकाणंशशीक्षि-
तिसुताबहुपापभाजं चंद्रांगजोगतधनंधिष
णःकृशांगं शुक्रोबहुव्ययकरोविजयःस्फूर्ति
ब्रम् १२ राहुकेतुफलंसर्वमदवत्कथितंबुधैः १३

टी०- लग्नसे लग्नलेके द्वादशस्थानका फल जोजो ग्रहजो जो स्थानमें होय तिनका फल आगे लिखेहुये कोष्टकपरसे मालूम होवेगा. परंतु राहु और केतु इनदोनो ग्रहका फल शनीके ऐसा जानना.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुरुषजातकोष्टक.

भाव	रवि.	चंद्र.	मंगळ.	बुध.	गुरु.	शुक्र	शनि, राहु, केतु.
१	चक्षुः	शरीरपीडा:	कांति-सा-[illegible]शब्द	रक्त-कोष:	कांतिकरत्व.	कांतिसुख	कांतिस्खल.
२	धनं.	श्रुतिदुःख धननाश:	पक्षसंपत्ति:	इंद्रियनाश: धननाश:	नानाप्रकार कीर्तिनाशि	बहुधनप्राप्ति	बहुधन.
३	सहं	निरोगी.	कीर्तिवान.	बुधबुद्धि:	धनवान.	उत्तमबुद्धि:	बहुरूपी.
४	कुटुं.	शरीरकोच कुटुंबसुख.	सभोगी.	शरीरकोच हानइंद्रिय.	सभोगी.	करयुक्त.	करव बहुत.
५	सुत	बहुतकोधी.	बहुतपुत्र.	संततीहीन.	संततीखोडी	बहुपुत्रप्राप्ति	संतती बहुत.
६	रिपु	शत्रुनाश.	अल्पजीवि.	शत्रुनाश.	बुद्धिहीन रोगी.	शरीरसेवी	बुद्धिहीन रोगी.
७	जाया	दुष्टस्त्री.	स्त्रीलाभ.	स्त्रीदुष्टस्त्री	स्त्रीलाभवान	पुत्रधनी.	स्वभावीभास
८	मृत्यु	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
९	धर्म.	अधर्मी.	धर्मबुद्धि.	अधर्मी.	सदाधर्मीया	धार्मिकसर्वकाल.	अधर्मी.
१०	कर्म	अत्यंताडक कीर्तिवान.	अल्पंताकी कीर्तिवान.	दुष्टकर्मी.	उत्तमकांति	शुभकर्मी.	संपत्तिमान.
११	आय	राजमेवी.	धनवान.	राजासेवा	विचारवान	धर्मबुद्धि.	गुणवान.
१२	व्यय	दुष्टस्वभाव	कामीदोगा	पापकर्मी.	दरिद्री.	[illegible]	रोगी.

नराकारचक्रम्.

शीर्षारिव्ययंवदनंचबाहुयुगुलंहृच्चोदरंकट्यथो-
वस्तिर्गुह्यसुरूचजानुजघनेपादद्वयंवैक्रमात्.
मेषाद्याःकिलराशयःसुसुदितःपूर्वैःसुबोधायये
स्तैर्वैकल्पभतश्चकाद्यवयवाज्ञेयास्तकनिःसंशयः १

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandú

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

टी०-पुरुषके आकारका चक्र लिखना. उसपर मेषादिकराशीका यथाक्रमसे न्यास करना. मस्तक १, मुख २, हस्त ३, हृदय ४, उदर ५, कटी ६, वस्ती ७, गुह्य ८, ऊरू ९, जानू १०, जघन ११, पाद १२ ऐसा पहिले ग्रहफल जानना. कोई आचार्य कहते हैं कि जन्म लग्नसेभी न्यास करना. शरीरके व्रणतिलमशकके वास्ते.

अन्यमत यत्रयःसौम्ययुताग्रहाः स्युस्तत्रव्र
णस्तत्समराशिदेशे तद्वद्विपुस्थोव्रणकृत्स्व
लोवासदृष्टियुक्तस्तिललक्ष्मकृत्स्यात् १

टी०- नरचक्रमें जन्मलग्नसे जिस राशीमें तीन ग्रह होय उसके समान शरीरमें व्रणादिक चिन्ह कहना. उसी तरहसे जन्मकुंडली में षष्ठस्थानमें पापग्रह होय तो शरीरमें घाव इत्यादिक कहना. अथवा शुभग्रह होय तो तिलमसादिक कहना.

स्त्रीजातकमाह.

लग्नेचसप्तमेपापेसप्तमेवत्सरेपतिः म्रियते
चाष्टमेवर्षेचंद्रःषष्ठाष्टमेयदि १

टी०-स्त्रीके जन्मकालमें लग्नसे पापग्रह होय औरसप्तममें पापग्रह होय तो ७ वर्षमें पतिनाश जानना. चंद्र ६।८ स्थानमें होय तो अष्टमवर्षमें पतिनाश जानना.

तनुस्थान सूर्योकरोतिविधवांदिनकृत्कुजश्च
राहुर्विनिष्टतनयांरविजोदरिद्रां शुक्रः सशी
कृतनयश्चगुरुश्चसाध्वीमायुःक्षयंचकुरुते
बुधश्चशर्वरीशाः १ धनस्थान कुर्वंतिभास्कर
शनेश्चरराहुभौमादारिद्र्यदुःखमतुलंनियतं
द्वितीये वित्तेश्वरीमविधवांगुरुशुक्रसौम्यां
नारींप्रभूततनयांकुरुतेशशांकः २ सहज-
स्थान सूर्येंदुभौमगुरुशुक्रबुधास्तृतीयेकुर्यु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

स्त्रियंबहुस्कृतांधनभागिनींच सत्यंदिवाक
रस्कृतः कुरुतेधनाढ्यांलक्ष्मींददातिनियुत-
किलसैंहिकेयः ३ सुहृत्स्थान स्वल्पंपयोभ
वतिसूर्यसुतेचतुर्थेदोर्भाग्यमुष्णकिरणंकुरु
तेशशीच राहुर्विनष्टतनयांक्षितिजोत्पबी-
जांसौरव्यान्विताभृगुसुतैरज्यबुधाश्चकुर्युः ४
सुतस्थान नष्टात्मजांरविकुजोरवलुपंचम-
स्थौचंद्रात्मजोबहुसुतांगुरुभार्गवौच राहु
र्ददातिमरणंरविजस्तुरोगंकन्याप्रसूतिनित
रांकुरुतेशशांकः ५ रिपुस्थान षष्ठस्थिता
शनिदिवाकरराहुभौमाजीवस्तथाबहुसुतां
धनभागिनींच चंद्रःकरोतिविधवांसुशनादरि
द्रांवैश्यांशशांकतनयःकलहप्रियांच ६ जाया
स्थान सौरारजीवबुधराहुरविंदुशुक्रादद्युः
प्रसह्यमरणंखलुसप्तमस्थाःवैधव्यबंधनभयं
क्षयवित्तनाशंव्याधिप्रवासमरणंनियतंक्रमेण
७ मृत्युस्थान स्थानेष्टमेगुरुबुधौनियतंवियो
गंमृत्युंशशिभृगुसुतश्चतथैवराहुः सूर्यःकरो
तिविधवांधनिनींकुजश्चसूर्यात्मजोबहुसुतां
पतिवल्लभांच ८ धर्मस्थान धर्मस्थिताभृगु
दिवाकरभूमीपुत्रजीवाःसुधर्मनिरतांशशिजः
सुभोगां राहुश्चसूर्यतनयश्चकरोतिवंध्यांना
रीमृतप्रजांकुरुतेमृगांकः ९ कर्मस्थान
राहुर्नभस्थलगतांविधवांकरोतिपापेपरांदिन-
करश्चशनैश्चरश्च मृत्युंकुजोर्थरहितांकुटिला
चचंद्रः शेषाग्रहाधनवतींबहुवल्लभांश्च १० भ्रा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

येरविर्बहुसुतांधनिनींशशांकः पुत्रान्वितांक्षि तिसुतोरविजोधनाढ्यां भ्रायुष्मतिंस्करगुरु र्भृगुजःसुपुत्रीराहुःकरोतिस्रभगांसुखिनींबु धश्च ११ व्ययस्थान भ्रंत्येधनव्यवर्तीदिनकृद्दरिद्रांवंध्याकुजःपररतांकुरुतेचरा हुः साध्वीसितेज्यशशिजाबहुपुत्रपौत्रयुक्तां विधुःप्रकुरुतेव्ययगोदिनांधाम् १२

टी०- द्वादश स्थानका फल जोजो ग्रहजोजो स्थानमें होय तिनका फल भ्राघाडी लिखे कोष्टकपरसें मालूम होगा.

स्त्रीजातकोष्टक.

स्थान	नाम.	रवि.	चंद्र.	मंगल.	बुध.	गुरु.	शुक्र.	शनि.	राहु.केतु
१	तनु.	विधवा.	भ्रल्पायु.	विधवा.	पतिव्रता	पतिव्रता	पतिव्रता	दरिद्री.	पुत्रनाशा
२	धन.	दरिद्रदुःख	बहुपुत्र	दरिद्री.	सौभाग्य	सौभाग्य युक्त.	सौभाग्य युक्त	दुःखयुक्त	दरिद्रदुःख
३	सहज.	पुत्रयुक्त धनयुक्त	धनपुत्र युक्त	धनपुत्र युक्त.	धनपुत्र युक्त	धनपुत्र युक्त.	धनयुक्त	धनयुक्त.	धनयुक्त
४	सुहृत्.	दरिद्री.	दुष्टभाग्य.	भ्रल्पसंतती.	बहुसौख्य.	बहुसौख्य.	बहुसौख्य.	भ्रल्पदुःख.	पुत्रनाश
५	सुत.	पुत्रनाश.	कन्याबहु	पुत्रनाश.	उत्तमफल	शुभफल	बहुसुख	रोगी.	मृत्यु.
६	रिपु.	धनयुक्त	विधवा.	धनयुक्त	कलहऋणि.	धनयुक्त	दरिद्री. बैरया.	धनयुक्त	धनयुक्त
७	जाया	रोगी.	प्रवासी.	विधवा	नाश.	नपबंधन	मृत्यु.	वैधव्य. मरण.	धननाश
८	मृत्यु	विधवा.	वियोग. मरण.	धनयुक्त	स्वजन वियोग	स्वजन वियोग	मरणांत वियोग	बहुपुत्र.	मरणांत वियोग
९	धर्म.	धर्मबुद्धि	पुत्रयुक्त	धर्मकर्मी	उत्तम. भोगी.	धर्मबुद्धि	धर्मबुद्धि	वंध्या.	वंध्या.
१०	कर्म.	दुष्टबुद्धि	पापकर्मी.	मृत्यु.	धनयुक्त पतिव्रता	धनयुक्त पतिव्रता	धनयुक्त पतिव्रता	पापकर्मी	वैधव्य.
११	भ्राय.	बहुपुत्र.	धनयुक्त	बहुपुत्र	रूपवती.	वंध्यापुत्री	पुत्रयुक्त	धनयुक्त	सौभाग्यवती.
१२	व्यय.	दरिद्र.	दिनांध.	दुष्टकर्मी	रूपपुत्र.	सुशीला	पतिव्रता	दरिद्री.	पापकर्मी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अथाष्टोत्तरीदशा.

आर्द्रापुनर्वसुःपुष्यआश्लेषातुरवेर्दशा मघा पूर्वोत्तराचैवचंद्रस्यचदशातथा १ हस्तोविशाखाचित्राचस्वातीभौमदशास्मृता ज्येष्ठानुराधामूलेचसौम्यस्यचदशाबुधैः २ अभिजिच्छ्रवणःपूषाउषाचैवशनेर्दशा धनिष्ठाशततारा चपूर्वाभाद्रपदागुरोः ३ उभापूषाश्विनीकालराहोश्चैवदशास्मृता कृत्तिकारोहिणीचोक्तामृगःशुक्रदशाबुधैः ४ एषांभानांक्रमेणैवज्ञेयाःसूर्यादिकादशाः क्रूरजाआशुभाप्रोक्ताशुभास्यात्सौम्यखेटजाः ५ सूर्यस्यरसवर्षाणिइंदोःपंचदशैवच सौम्यस्यवसुवर्षाणिऋषिचंद्रबुधस्यच ६ मंदस्यदशवर्षाणिगुरोश्चैकोनविंशतिः राहोर्द्वादशवर्षाणिभार्गवस्यैकविंशतिः ७ छ छ

टी०- आर्द्रा नक्षत्रसे आरंभ करके मृगतक २८ नक्षत्रमें सूर्यसे शुक्रतक ८ ग्रहोंकी पृथक् पृथक् कोष्टकपरसे महादशाकी वर्षसंख्याजानना. और जिसविभागमेंजन्महोय उसमें भोग्याभोग्यजानना. जोदशाजन्मकालमेंहोय वही ग्रहकीदशाप्रथम जानना. चक्रपरसें स्पष्टदेखना. (चक्र १०५ सफेमेंलिखाहै. देखो.)

ग्रहोंकीअंतर्दशा.

महादशास्वस्वदशाब्दनिघ्नाहृतावसुव्योमधराभिरेताः अंतर्दशास्युर्गगनेचराणांतदेकभावोहिमहादशास्यात् १ छ छ

